(a) whether it is a fact that Government have decided to grant pension to working journalists in the country by amending the existing law ;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether Government have also decided to establish a Welfare Fund for the the working journalists; and

(d) if so, what are the details thereof ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.
(c) No, Sir.
(d) Does not arise.

पिछड़े पहाड़ी और दूरदराज के क्षेत्रों के लिये दूरदर्शन के कार्यक्रम

1264. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विशिष्ट भूगोलीय स्थिति के कारण देश के पिछड़े पहाड़ी और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाली जनता दूरदर्शन के कार्यक्रमों को देखने की सुविधा से अधिकांशतः वंचित है;

(ख) यदि हां, तो दूरदर्शन के कार्यक्रम को इन क्षेत्रों की जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है;

(ग) हिमाचल प्रदेश सरकार ने 1992-93 के दौरान अपने राज्य के किन-किन स्थानों पर कम शक्ति के ट्रांसमीटर (एल० पी० टी०) लगाने की मांग की है; और

(घ) राज्य सरकार की मांग के आधार पर किन-किन स्थानों पर उनके मंत्रालय द्वारा कम शक्ति के ट्रांसमीटरों को लगाया जायेगा और उनसे कितनी जनसंख्या लाभान्वित होगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, हाँ ।

(ख) देश के दूर-दराज, के, पहाड़ी और संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में दूरदर्शन सेवा का विस्तार करने और उसे सुदृढ़ बनाने के लिए कई परियोजनाओं पर विभिन्न चरणों में काम चल रहा है ।

(ग) हिमाचल प्रदेश सरकार ने टी० वी० ट्रांसमीटर लगाने के लिए 41 स्थल बताए थे ।

(घ) राजगढ़ में एक ट्रांसपोजर पहले ही चालू कर दिया गया है । शिमला में मौजूदा अल्प शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर के स्थान पर एक उच्च शक्ति ट्रांसमीटर लगाने, सुन्दर नगर में एक अल्प शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर लगाने तथा अहजू फोर्ट और पालमपुर में एक-एक अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर लगाने का काम विभिन्न चरणों में चल रहा है । साधनों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकताओं के अनुरूप इस राज्य में धर्मशाला में एक उच्च शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर स्थापित करने का भी कार्यक्रम है । इन ट्रांसमीटरों के चालू हो जाने पर राज्य सरकार द्वारा बताए गए कुछ क्षेत्रों में दूरदर्शन सेवा प्राप्त होने की आशा है और राज्य सरकार की मौजूदा करीब 58.7 प्रतिशत जनसंख्या कवरेज की तुलना में यह कवरेज करीब 70.5 प्रतिशत हो जाएगी । कवरेज के इन आंकड़ों में किनारे के उन क्षेत्रों की जनसंख्या भी शामिल है जहां संतोषजनक सेवा प्राप्त करने के लिए ऊंचे एंटीना और बूस्टरों की आवश्यकता होती होती है । राज्य में दूरदर्शन सेवा का और विस्तार इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त साधनों की उपलब्धता और देश के कवर न हुए भागों में दूरदर्शन सेवा के विस्तार के लिए परस्पर प्राथमिकताओं पर निर्भर करेगा ।

Impact of Cable T.V. on Income of Doordarshan

1265. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state: